Govt. Registered
Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 05 अप्रैल 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 187

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## श्रीरामनवमी पर अयोध्या में रामलला के 24 घंटे दर्शन होना मुश्किल

**अयोध्या । आरएनएस**

अयोध्या प्रशासन ने श्री रामनवमी के दिन 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक 24 घंटे मंदिर को खुला रखने का आदेश दिया था। कोशिश थी कि अधिक से अधिक श्रद्धालु सुगमतापूर्वक राम लला के दर्शन कर सकें और क्राउड को कंट्रोल किया जा सके। लेकिन, अब इस पर विवाद शुरू हो गया है। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि राम लला को कितना जगाया जा सकता है। उसके बाद अब मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने साफ साफ कह दिया कि मंदिर 24 घंटे नहीं खुल सकता, उसे बंद तो करना ही पड़ेगा। रामलला का अपनी जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर में यह पहला जन्मदिन है, लिहाजा भक्तों का उत्साह चरम पर है। हर कोई इस अवसर पर अयोध्या में मौजूद रहना चाहता है और इस खास पल का भागीदार बनना चाहता है। इसको देखते हुए सप्तमी, अष्टमी और राम नवमी को श्री राम मंदिर 24 घंटे दर्शन के लिए खोले जाने का ऐलान हुआ था। यहां तक कि आरती और भोग के समय भी मंदिर में भक्त दर्शन कर सकें, ऐसा निर्णय हुआ था। इसके पीछे अयोध्या प्रशासन की सोच यह थी कि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस खास अवसर पर अपने आराध्य के दर्शन कर सकें। वहीं, अयोध्या के डीएम नितीश कुमार ने कहा कि हम 10 से 15 लाख लोगों का अनुमान लगा रहे हैं। सही गणना तो रामनवमी के बाद ही पता चल पाएगी। हम लोग यह प्रयास कर रहे हैं कि अधिक से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर पाएं। इसके लिए मंदिर 24 घंटे खुला रहेगा, आरती के समय भी मंदिर खुला रहेगा। इसके बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने साफ-साफ कह दिया था कि यह भी सोचो कि 5 वर्ष के बालक को कितना जगाओगे, अपने घर में



5 वर्ष का बालक है हमारा ठाकुर। इसी के बाद यह साफ हो गया कि प्रशासन के श्री राम मंदिर के 24 घंटे दर्शन के लिए खोले जाने को लेकर अब और सवाल उठेंगे।

चंपत राय भी रामनवमी के दिन 22 घंटे मंदिर खोले जाने को लेकर लोगों द्वारा सुझाव देने की बात कर रहे हैं। यानि साफ है कि राम नवमी के दिन मंदिर बंद होगा जरूर, चाहे वह कुछ समय के लिए ही हो और उस समय में राम लला को विश्राम भी कराया जाएगा और उन्हे पुन: उठाकर श्रृंगार भी। चंपत राय ने कहा कि होली के अगले दिन भी दर्शनार्थियों की संख्या का दबाव देखते हुए भगवान की शयन आरती 1 घंटे बाद हुई थी। अगर समाज की यही इच्छा है, तो होगा। हमने इस बारे में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास से समझने की कोशिश की तो उन्होंने साफ-साफ कह दिया कि प्रशासन के कहने से नहीं होगा, सबकी मर्यादा होती है। कोई भी मंदिर 24 घंटे नहीं खुला रहता। प्रशासन यह तय कर ले कि बीच में सुबह मंदिर बंद होगा या रात में, लेकिन मंदिर तो बंद होगा ही। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर के ट्रस्टी और प्रशासन इस बारे में तय कर इस बारे में पहले से श्रद्धालुओं को जानकारी दे दें, जिससे उनको कोई असुविधा न हो।

## तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में रिएक्टर फटा, 5 लोगों की मौत; बढ़ सकता है मृतकों का आंकड़ा

**हैदराबाद । आरएनएस**



तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में एक केमिकल फैक्ट्री में रिएक्टर फटने से पांच लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि आठ से 10 अन्य लोग अभी भी फंसे हुए हैं, जिसका मतलब है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। स्थानीय रिपोर्टों से पता चलता है कि विस्फोट के समय इमारत में 50 लोग थे। एनडीटीवी की रिपोर्ट की मानें तो स्थानीय मीडिया ने कहा है कि चिंता है कि इमारत में अगले रिएक्टर में विस्फोट हो सकता है, इसलिए अधिकारियों ने आसपास के इलाकों से लोगों को निकालना शुरू कर दिया है। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, दवा कंपनी में रिएक्टर में विस्फोट हुआ और उसके आसपास मौजूद लोग धमाके के प्रभाव के चलते दूर जा गिरेज् अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी हैज्10-15 लोग घायल हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने आज इस दुर्घटना की समीक्षा की है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को इस हादसे के बारे में जानकारी। मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक, सीएम ने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को तुरंत बचाव कार्य तेज कर आग पर काबू पाने का आदेश दिया। उन्होंने जिला अधिकारियों को दुर्घटना में घायलों को चिकित्सा देखभाल प्रदान करने का भी निर्देश दिया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### वायु सेना के अपाचे हेलीकॉप्टर की लद्दाख में इमरजेंसी लैंडिंग, कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश

**लेह (आरएनएस)।** भारतीय वायु सेना के अपाचे हेलीकॉप्टर को वीरवार को लद्दाख में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। इस दौरान उतार-चढ़ाव वाले इलाके और अधिक ऊंचाई के कारण हेलीकॉप्टर को नुकसान पहुंचा है। हालांकि इसमें सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। भारतीय वायुसेना ने अपाचे हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग के सटीक कारण की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए गए हैं। इंडिया एयर फोर्स की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया, 'आईएएफ के अपाचे हेलीकॉप्टर ने 3 अप्रैल को लद्दाख में एक ऑपरेशनल ट्रेनिंग उड़ान के दौरान एहतियाती लैंडिंग की गई। इस लैंडिंग की प्रक्रिया के दौरान उतार-चढ़ाव वाले इलाके और हाई एल्टीट्यूड( ऊंचाई) के कारण उसे नुकसान हुआ है।

### संदेशखाली की घटना शर्मनाक, ममता सरकार को हाईकोर्ट की फटकार

**कोलकाता (आरएनएस)।** संदेशखाली मामले में वीरवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बंगाल सरकार को फटकार लगाते हुए कहा, 'अगर इस मामले में एक प्रतिशत भी सच्चाई है तो यह शर्मनाक है। पूरा प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसके लिए नैतिक तौर पर 100 प्रतिशत जिम्मेदार है। यह लोगों की सुरक्षा का मामला है।' कोर्ट ने कहा कि यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि हर नागरिक को सुरक्षा प्रदान की जाए। साथ ही कहा कि संदेशखाली मामले में जिला प्रशासन और पश्चिम बंगाल सरकार को नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए। ये है मामला: पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं ने आरोप लगाया था कि तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों ने उनका यौन उत्पीडऩ किया था। जिसके बाद बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए और बीजेपी ने टीएमसी सरकार को इस मामले के लिए घेरा। टीएमसी नेता शाहजहां शेख गिरफ्तार है और यह मामला कोर्ट में है।

### सीएम भगवंत मान जेल में केजरीवाल से मिल सकेंगे, तिहाड़ जेल प्रशासन ने दी अनुमति

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को तिहाड़ जेल प्रशासन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने की इजाजत दे दी है। तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने कहा है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जेल में बंद दिल्ली के सीएम केजरीवाल से एक सामान्य व्यक्ति के तौर पर मुलाकात जंगला में ही मिल सकते हैं। भगवंत मान ने एक दिन पहले तिहाड़ जेल के अधिकारियों को पत्र लिखकर केजरीवाल से मिलने की अनुमति मांगी थी। 'मुलाकात जंगला' लोहे की एक जाली होती है जो जेल के अंदर एक कमरे में कैदी को मुलाकातियों से अलग करती है। विजिटर्स और कैदी जाली के एक-दूसरी ओर बैठकर एक दूसरे से बात कर सकते हैं।

### अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिये सवैतनिक अवकाश पर जा सकेंगे यूपी में कार्यरत बिहार और छत्तीसगढ़ के मतदाता

**लखनऊ (आरएनएस)।** बिहार तथा छत्तीसगढ़ के उत्तर प्रदेश में कार्यरत मतदाता जिसमें दैनिक श्रमिक भी शामिल हैं, उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सवैतनिक अवकाश दिए जाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन श्री जितेंद्र कुमार द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 के अंतर्गत 26 अप्रैल तथा 7 मई, 2024 को छत्तीसगढ़ में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 तथा बिहार में 19 व 26 अप्रैल, 2024 के साथ-साथ 07,13, 20, 25 मई एवं 1 जून, 2024 को होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 तथा विधानसभा उप निर्वाचन 2024 में शामिल होने वाले संबंधित राज्यों के मतदाताओं को वेतन सहित अवकाश मिलेगा। इस सुविधा का लाभ दैनिक श्रमिकों को भी दिया जाएगा जो आजीविका के संबंध में उत्तर प्रदेश में कार्यरत हैं। इस संबंध में नियंत्रक प्राधिकारियों तथा कार्यालयाध्यक्षों को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है।

## बाइक में मारी जोरदार टक्कर, युवकों को 20 मीटर तक घसीटते ले गया डंपर, दो भाइयों की मौत से मचा कोहराम

**मेरठ । आरएनएस**

मेरठ में सरूरपुर थाना क्षेत्र में सरधना-बिनौली रोड पर गांव जसड़ के सामने एक दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में करनावल निवासी बाइक सवार दो युवकों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।

वहीं, हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। बताया गया कि हादसे में मारे गए युवकों की कई घंटों बाद शिनाख्त हो पाई।

देर शाम लगभग सात बजे सरधना-बिनौली रोड पर सरूरपुर थाने के पास जसड़-जोड़ा प्याऊ पर एक सडक़ हादसा हुआ। बताया गया कि एक बाइक पर सवार होकर दो युवक जा रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे डंपर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद डंपर ने दोनों युवकों को कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

घसीटता ले गया डंपर

बताया गया कि टक्कर लगने के बाद डंपर दोनों




युवकों को करीब 20 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। इस दौरान दोनों युवकों की बुरी तरह कुचल कर मौत हो गई, जबकि बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई है। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

वहीं, हादसे के बाद पुलिस ने कई घंटों तक मृतकों की शिनाख्त करने के प्रयास किए। फिर देर रात में मृतकों की पहचान करनावल निवासी आर्यन पुत्र पुनीत व निशांत उर्फ छोटू पुत्र सुशील के रूप में हुई।

## नौसेना ने नौ समुद्री लुटेरों को किया मुंबई पुलिस के हवाले

**नई दिल्ली । आरएनएस**

भारतीय नौसेना ने सोमालिया के पूर्व में समुद्र में एक अभियान के दौरान पकड़े गये नौ समुद्री लुटेरों को गुरुवार को मुंबई पुलिस के हवाले कर दिया। इन समुद्री लुटेरों ने 23 पाकिस्तानी चालक दल वाली एक मछली पकडऩे वाली नौका का अपहरण कर लिया था जिसके बाद नौसेना ने नौका को बचाने के लिए एक अभियान चलाया था।

नौसेना ने कहा, आईएनएस त्रिशूल 03 अप्रैल 24 को मुंबई पहुंचा और सभी नौ समुद्री लुटेरों को भारतीय कानूनों, विशेष रूप से समुद्री डकैती रोधी अधिनियम 2022 के अनुसार, आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए स्थानीय पुलिस को



सौंप दिया।

अधिकारियों ने कहा, 29 मार्च 2024 को सोमालिया के पूर्व में समुद्री डकैती विरोधी अभियानों के दौरान भारतीय नौसेना के जहाजों आईएनएस त्रिशूल और आईएनएस सुमेधा की मजबूत कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप एफवी (मछली पकडऩे वाली नौका) अल कंबार और 23 पाकिस्तानी नागरिकों के चालक दल को सफलतापूर्वक बचाया गया था। समुद्री डकैती में शामिल सभी नौ समुद्री लुटेरे भारत में आगे पारगमन के लिए पकड़े गए थे।

नौसेना के अनुसार, उसने नौ सशस्त्र समुद्री लुटेरों को विशेषज्ञ टीमों के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया। मछली पकडऩे की गतिविधियां जारी रखने के लिए नौका को मंजूरी देने से पहले 23 पाकिस्तानी नागरिकों वाले चालक दल की गहन चिकित्सा जांच की गई।

नौसेना ने बताया कि 28 मार्च की देर शाम ईरानी मछली पकडऩे वाली नौका 'अल-कंबर' पर संभावित समुद्री डकैती की घटना के इनपुट के आधार पर समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए अरब सागर में तैनात दो भारतीय नौसेनिक जहाजों को अपहृत नौका को रोकने के लिए भेजा गया था। घटना के समय मछली पकडऩे वाला जहाज सोकोट्रा से लगभग 90 समुद्री मील दक्षिण-पश्चिम में था। बताया गया था कि उस पर नौ सशस्त्र समुद्री डाकू सवार थे।

## अमेजन को पांच युवकों ने लगाया डेढ़ करोड़ का चूना, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लखनऊ । आरएनएस**

दुनिया की सबसे बड़ी ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी अमेजन को बुंदेलखंड के पिछड़े इलाके के पांच युवकों ने डेढ़ करोड़ रुपए का चूना लगा डाला। ऑनलाइन ठगी का यह अनोखा मामला पुलिस के सामने आने पर सभी हैरत में पड़ गए। शातिर दिमाग युवक जल्द अमीर होने के लिए ऑनलाइन शॉपिंग के ज़रिए बड़ी बड़ी कम्पनियों को ठगी का शिकार बना रहे थे। पुलिस ने 216 स्मार्ट टीवी, 6 एसी और 4 वाशिंग मशीन बरामद की है।

घटना को अंजाम देने के लिए शातिर दिमाग युवक 17 स्मार्ट मोबाइल व 7 कीपैड फोन का प्रयोग करते थे। पुलिस ने 240 सिमकार्ड, एक थम्ब मशीन व लैपटॉप बरामद कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

दुनिया में चर्चित सबसे बड़ी ऑनलाइन




शॉपिंग कम्पनी अमेजन, फिल्पकार्ट को ठगने वाले शातिर दिमाग युवक महोबा के निवासी हैं। जल्द अमीर बनने के लिए युवकों ने ऑनलाइन शॉपिंग को सहारा बनाया। सभी आरोपी इतने शातिर दिमाग निकले कि इतने बड़े फ्रॉड का अमेजन कंपनी पता भी नही लगा सकी।

करीब एक करोड़ पचास लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी कर चुके महोबा के उमाशंकर, अजयपाल, लवकेश, आकाश और रविन्द्र के घर और गोदाम जब स्मार्ट टीवी और इलेक्ट्रोनिक सामान से भर गए, तो उन्होंने इनको बेचने की योजना बनाई और पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

पांचों युवकों की उम्र 19 से 30 वर्ष के बीच है। पुलिस ने बताया कि ई-कॉमर्स वेबसाइट पर जाकर फर्जी नाम पते से ऑनलाइन अकाउंट बनाते थे और फिर इन्हीं अकाउंट का प्रयोग कर विभिन्न प्रकार के महंगे डिजिटल स्मार्ट टीवी, एसी, वाशिंग मशीन की खरीददारी की जाती थी, जब इन शातिर दिमाग युवकों को इलेक्ट्रॉनिक सामान का आर्डर प्राप्त हो जाता था फिर यह इसे तकनीकी खराबी बता कर ऑर्डर को रद्द कर देते थे।

ऑर्डर कैंसिल होने के बाद रिटर्न के लिए डमी सामान की पैकिंग कर उसे कंपनी को वापस भेजते थे तो कई बार कंपनी के रिटर्न वापसी के दौरान अपनी सिम को ही बंद कर लिया करते थे और क्रेडिट किया पैसा उनके खाते में वापस आ जाता था। इस तरह ठगी को अंजाम देकर प्रयोग की गई ई मेल और सिम का उपयोग पूरी तरह से बंद कर देते थे।

## झारखंड के गिरिडीह में यात्री बस से 1.09 करोड़ रुपए जब्त

**रांची । आरएनएस**

झारखंड के गिरिडीह जिले में जीटी रोड पर बुधवार देर रात वाहनों की चेकिंग के दौरान एक यात्री बस से एक करोड़ नौ लाख रुपए जब्त किए गए। गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने इसकी पुष्टि की है। आशंका है कि इस रकम का इस्तेमाल चुनाव कार्य को प्रभावित करने के लिए किया जाना था।

जिस बस से रकम की बरामदगी हुई, वह बिहार के गया से कोलकाता जा रही थी। एसपी के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि यात्री बस में बड़ी रकम ले जाई जा रही है। इस आधार पर फ्लाइंड स्क्वॉड टीम को अलर्ट किया गया। बगोदर थाना क्षेत्र



के औरा नामक स्थान पर चेकिंग के दौरान महारानी नामक यात्री बस से एक करोड़ नौ लाख रुपए जब्त किए गए। इसकी सूचना आयकर विभाग को दी गई है।

झारखंड में पिछले 10 दिन के दौरान अलग-अलग जिलों में पुलिस ने कुल मिलाकर करीब दो करोड़ की रकम जब्त की है। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है और इस दौरान 50 हजार रुपए से ज्यादा की नगदी लेकर चलने पर रोक है।

## सर्वे में चौंकाने वाला दावा : ब्रिटेन के आम चुनाव में पीएम ऋषि सुनक को मिलेगी करारी हार

**लंदन**

ब्रिटेन में 18 हजार से अधिक लोगों पर हुए एक सर्वे में बताया गया है कि इस साल होने वाले आम चुनाव में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के नेतृत्व वाली कंजरवेटिव पार्टी को हार का सामना करना पड़ेगा। जबकि विपक्षी लेबर पार्टी 403 सीटों के साथ सत्ता पर काबिज होगी। बहुमत के लिए महज 326 सीटों की ही आवश्यकता होती है।



यूगाव की ओर से जारी सर्वे में कहा गया है कि सत्तारूढ़ सुनक के नेतृत्व वाले दल को हाउस ऑफ कॉमंस में 210 सीटों के नुकसान से महज 155 सीटों पर ही जीत हासिल होगी। सर्वे के अनुसार यह 1997 में तत्कालीन पीएम जॉन मेजर की हार से भी बुरी होगी, जब टोनी ब्लेयर के नेतृत्व में लेबर पार्टी ने उन्हें केवल 165 सांसदों तक ही सीमित कर दिया था। वहीं, स्कॉटलैंड में लेबर पार्टी के आसानी से सबसे बड़ा दल बनने की उम्मीद है। बताया जाता है कि 41 प्रतिशत वोट लेबर पार्टी को और 24 प्रतिशत वोट कंजरवेटिव पार्टी को जाएंगे। लिबरल डेमोक्रैट्स को 12 प्रतिशत, ग्रींस को सात प्रतिशत वोट और बाकी अन्य दलों को मिलेंगे। भारतीय मूल के पीएम ऋषि सुनक का कार्यकाल हर हाल में पांच साल में पूरा होना है, इसलिए किसी भी हालत में जनवरी, 2025 से पहले आम चुनाव हो जाने हैं। यह सर्वेक्षण सात से 27 मार्च के बीच 18,761 ब्रिटिश वयस्कों पर किया गया है।

## कंगाली की राह पर पाकिस्तान, गरीबी रेखा के नीचे जा सकते हैं एक करोड़ लोग; वर्ल्ड बैंक ने जारी की रिपोर्ट

**इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की आर्थिक हालत लगातार खराब होती जा रही है। अब एक बार फिर ऐसी रिपोर्ट सामने आई जिससे पता चलता है कि पाकिस्तान कंगाल होने की राह पर है और इसका सबसे बुरा प्रभाव वहां की आम आवाम को उठाना पड़ सकता है। रिपोर्ट विश्व बैंक की तरफ से आई है जिसमें कहा गया है कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है।

विश्व बैंक ने पाकिस्तान को आगाह किया है कि नकदी संकट से जूझ रहे देश में एक करोड़ से अधिक



लोग गरीबी रेखा के नीचे जा सकते हैं। विश्व बैंक की यह आशंका 1.8 प्रतिशत की सुस्त आर्थिक वृद्धि दर के साथ बढ़ती मुद्रास्फीति पर आधारित है जो चालू वित्त वर्ष में 26 प्रतिशत पर पहुंच गई है। विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में संकेत दिया कि पाकिस्तान अपने आर्थिक लक्ष्यों को हासिल करने से चूक सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान अपने प्राथमिक बजट लक्ष्य से पीछे रहते हुए लगातार तीन साल तक घाटे में रह सकता है।

रिपोर्ट के मुख्य लेखक सैयद मुर्तजा मुजफ्फरी का कहना है कि हालांकि खराब आर्थिक हालत से निकलने के लिए प्रयास जारी हैं लेकिन यह अभी शुरुआती अवस्था में है। गरीबी उन्मूलन के जो प्रयास हो रहे हैं वो पर्याप्त नहीं हैं। आर्थिक वृद्धि मामूली 1.8 प्रतिशत पर स्थिर रहने का अनुमान है। लगभग 9.8 करोड़ पाकिस्तानी के पहले से ही गरीबी रेखा के नीचे हैं, गरीबी की दर लगभग 40 प्रतिशत पर बनी हुई है। रिपोर्ट में गरीबी रेखा के ठीक ऊपर रह रहे लोगों के लिए भी चेतावनी है।

विश्व बैंक ने आगाह किया है कि बढ़ती परिवहन लागत के साथ-साथ जीवनयापन खर्च बढऩे कारण स्कूल ना जाने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हो सकती है। किसी तरह गुजर-बसर कर रहे परिवारों के लिए बीमारी की स्थिति में इलाज में देरी हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गरीबों और हाशिये पर खड़े लोगों को कृषि उत्पादन में लाभ से फायदा होने की संभावना है। लेकिन यह लाभ लगातार बढ़ रही महंगाई, व्यापार और परिवहन जैसे अधिक रोजगार देने वाले क्षेत्रों में सीमित वेतन वृद्धि से बेअसर होगा।